(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में नये रेल-मार्गों का निर्माण करने के लिए कोई कार्य-योजना बनाई हैं, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं,

(ख) क्या सरकार मुरादाबाद-रामनगर रेल लाइन को मोहान औद्योगिक क्षेत्र तक बढ़ाने का विचार रखती हैं, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी हैं कि इस लाइन को मोहान तक जोड़ने से नेशनल कोबेंट पार्क के लिए पर्यटकों को रेल सुविधा मिल पायेगी ?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : (क) देश के किसी भी हिस्से में नई लाइनों के निर्माण के लिए ऐसी कोई योजना नहीं हैं,

(ख)जी नहीं, संसाधनों की तंगी के कारण फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं हैं,

(ग)जी हां,

रेल दुर्घटनायें

2013. **श्री रामेदव भंडारी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन महीने के दौरान देश में हुई रेल दुर्घटनाओं का ब्यौरा क्या हैं,

(ख) विभिन्न दुर्घटनाओं में मृतक और घायल व्यक्तियों की संख्या कितनी-कितनी हैं,

(ग) इन दुर्घनाओं के क्या कारण हैं और इस संबंध में की गयी कार्रवाई का ब्यौरा क्या हैं, और

(घ) सरकार द्वारा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या व्यवस्थाएं की जा रही हैं ?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : (क) मई से जुलाई 1997 के दौरान 119 दुर्घटनाएं हुई थी जिसमें गाड़ियों को टकर संबंधी 7 गाड़ियों के पटरी से उतरने संबंधी 92 समपार पर दुर्घटना संबंधी 18 और गाड़ियों में आग लगने संबंधी 2 शामिल हैं।

(ख) इन दुर्घटनाओं में 52 व्यक्ति हताहत और 284 व्यक्ति जख्मी हुए थे।

(ग) और (घ) ये दुर्घटनाएं मानवीय चूक, उपस्कर की खराबी, तोड़ फोड़ और आकस्मिक कारणों से हुई हैं। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे कुछ उपाय निम्नानुसार हैं :-

(i) ट्रंक मार्गो और अन्य महत्वपूर्ण मुख्य लाइनों पर रेलपथ परिपथन के कार्य में तेली लाई गई हैं।

(i) दुर्घटना में मानवीय चूक के कारणों को न्यूनतम करने के लिए सिगनल सरकिटरी में आशोधन किया जा रहा हैं।

(ii) बम्बई उपनगरीय खंडों पर चलती गाड़ी के ड्राइवर को "खतरे के सिगनल" की अग्रिम चेतावनी देने के लिए सहायक चेतावनी प्रणाली शुरू की गई हैं।

(iii) रेलपथ अनुरक्षण के लिए टाई-टैम्पिंग औरगिट्टी क्लिनिंग मशीनों के उपयोग के उत्तरोत्तर वृद्धि की गई हैं।

(iv) रेलपथ ज्यमिति और रेलपथ की चालन विशिष्टताओं पर निगरानी रखने के लिए परिष्कृत रेलपथ अभिलेखी कारों, दोलन-लेखी कारों सुवाहा एक्सेलेरोमीटरों का उत्तरोत्तर उपयोग किया जा रहा हैं।

(v) कई डिपुओं में सवारी डिब्बों और मालडिब्बों के लिए अनुरक्षण सुविधाओं को आधुनिक बनाया गया हैं और प्रेडोन्नयन किया गया हैं।

(vi) धुरों के कोल्ड ब्रेकेज के मामलों की रोकथाम के लिए धुरों में पड़ने वाली दरारों का पता लगाने के लिए नेये ओवरहाल डिपुओं में पराश्रव्य परीक्षण उपस्कर लगाए गए हैं।

(vii) चौकीदार रहित समपारों पर सीटी बोर्डो/गति अवरोधकों और सड़क संकेतों की व्यवस्था की गई हैं और ड्राइवरों के लिए दृश्यता में सुधार किया गया हैं।

(viii) किस तरह से समपार सुरक्षित ढंग से पार किया जाए इसके लिए सड़क उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करने के लिए आडियों विजुअल प्रचार-प्रसार अभियान लाए जाते हैं।

(ix) यात्री गाड़ियों में ज्वलनशीन और विस्फोटक सामग्री ले जाने से रोकने के लिए उपाय किए गए हैं।

(x) ड्राइवरों में प्रशिक्षण में सिमुलेटरों के उपयोंग सहित ड्राइवरों, गार्डो और गाड़ी परिचालन से संबंधित कर्मचारियों की प्रशिक्षण सुविधाओं को आधुनिक बनाया गया हैं।

(xi) निर्धारित अतंरालों पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

(xii) गाड़ी परिचालन से संबंधित कर्मचारियों के कार्य निष्पादन की निरंतर निगरानी की जाती हैं और जिन कर्मचारियों में कमी पाई जाती हैं उन्हें त्वरित प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता हैं।

(xiii) कर्मचारियों में संरक्षा जागरूकता जागृत करने के लिए आवधिक संरक्षा अभियान चलाए जाते हैं।

देहरादून और लखनऊ के बीच एक्सप्रेस गाड़ी चलाना

2014. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वाहन के समय में देहरादून और लखनऊ के बीच एक्सप्रेस गाड़ी चलाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं जिससे कि यहां से पूर्वाचल तक यात्रा और सुविधाजनक हो जायेगी,

(ख) यदि हां, तो कब तक, और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : (क) से (ग) 4.8.97 से लखनऊ से रास्ते देहरादून-गोरखपुर एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) चलाई गई हैं।

Doubling of Shornur-Mangalorc line

2015. SHRI M.A. BABY:
SHIR J. CHITHARANJAN:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have taken up the doubling of the Shomur-Manga-lore line;

(b) if so, the amount so far allocated and spent for this project;

(c) the amount required, as per the present estimate, to complete the project; and

(d) the tentative year of completion of the project?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI RAM VILAS PAS WAN): (a) Yes, Sir.

(b) The amount allocated is approximately Rs. 300 crs. and an expenditure of Rs. 33.80 crs. has been incurred upto. 30.6.97.

(c) Rs. 266.20 crs. more.

(d) Subject to availability of funds, 8 block sections will be completed in 1998-99. the entire work is planned to be completed progressively within the 9th p?an period.

[12.00 NOON]

PAPERS LAID ON THE TABLE

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, Papers to be laid. Shri S.R. Bommai.

I. Report and Accounts (1989-90) of the Asiatic Society Calcutta and reliated papers.

II. Report and Accounts (1990-91) of the Asiatic Society Calcutta and related papers.

III. Report and Accounts (1985-96) of the Sahitya Akademi, New Delhi and related papers.

IV. Report and Accounts (1995-96) of the .National Council of Science Museums, Calcutta and related papers.

V. Report and Accounts (1995-96) of the National School of Drama, New Delhi and related papers.

VI. Report and Accounts (1994-95) of tbe'Rashtriya Mahila Kosh, New Delhi and related papers.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI S. R. BOMMAI) Madam, 1 lay on the Table, a copy each (in English and Hindi) of the following papers:—

I. (a) Annual Report of the Asiatic Society, Calcutta, for the year 1989-90.

(b) Annual Accounts of the Asiatic Society, Calcutta, for the year 1989-90, and the Audit Report thereon.

(c) Review by Government on the working of the above Society.